**INTELLIGENCE BUREAU**

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/09/2025 |
| Test Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Post Name | ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER-GRADE-II/EXECUTIVE |

Section : **Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.1 | निम्नलिखित में से किस हॉकी खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 मिला? |
| Ans | ✗ 1. मनप्रीत सिंह |
| | ✓ 2. हरमनप्रीत सिंह |
| | ✗ 3. श्रीजेश PR |
| | ✗ 4. मनदीप सिंह |

| | |
|---|---|
| Q.2 | मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (THDCIL) को भारत के निम्नलिखित में से किस बांध के लिए अपनी अग्रणी डिजिटल आपदा प्रबंधन प्रणाली हेतु ईटीगवर्नमेंट डिजिटेक अवाइर्स 2025 (ETGovernment DigiTech Awards 2025) में प्रतिष्ठित 'डिजिटल इनोवेशन इन डिजास्टर मैनेजमेंट (गोल्ड कैटेगरी)' से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. हीराकुंड बांध |
| | ✓ 2. टिहरी बांध |
| | ✗ 3. भाखड़ा नांगल बांध |
| | ✗ 4. नागार्जुन सागर बांध |

| | |
|---|---|
| Q.3 | भारतीय स्टेट बैंक की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में शहरी गरीबी दर कितनी थी? |
| Ans | ✓ 1. 4.09% |
| | ✗ 2. 6.4% |
| | ✗ 3. 3.0% |
| | ✗ 4. 5.2% |

| | |
|---|---|
| Q.4 | मार्च 2025 में, किस उच्च न्यायालय ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) के उन दिशानिर्देशों को बरकरार रखने का फैसला सुनाया, जो होटलों और रेस्टोरेंट पर सेवा शुल्क लगाने पर रोक लगाते हैं? |
| Ans | ✗ 1. पटना उच्च न्यायालय |
| | ✗ 2. इलाहाबाद उच्च न्यायालय |
| | ✗ 3. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय |
| | ✓ 4. दिल्ली उच्च न्यायालय |

| | |
|---|---|
| Q.5 | अक्टूबर 2024 में, कौन-सा राज्य भारत में 'सह-जिलों ('co-districts)' की अवधारणा को पेश करने वाला प्रथम राज्य बन गया, जो जिला प्रशासन को विकेंद्रीकृत करने और शासन को जमीनी स्तर तक ले जाने का एक कार्यक्रम है? |
| Ans | ✗ 1. केरल |
| | ✗ 2. अरुणाचल प्रदेश |
| | ✓ 3. असम |
| | ✗ 4. तमिलनाडु |

| | |
|---|---|
| Q.6 | 20 मार्च 2025 को MeitY द्वारा आयोजित एक समारोह में, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC), बैंगलोर द्वारा आयोजित भारतीय वेब ब्राउज़र डेवलपमेंट चैलेंज (IWBDC) का विजेता, निम्नलिखित में से किस कंपनी को घोषित किया गया? |
| Ans | ✗ 1. पिंग (PING) |
| | ✓ 2. ज़ोहो (Zoho) |
| | ✗ 3. अजना (Ajna) |
| | ✗ 4. जियो विश्वकर्मा (Jio Vishwakarma) |

| | |
|---|---|
| Q.7 | आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 के अनुसार, वित्त वर्ष 25 में भारत के लिए अनुमानित वास्तविक GDP वृद्धि कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. 5.8% |
| | ✗ 2. 6.0% |
| | ✗ 3. 6.8% |
| | ✓ 4. 6.4% |

| | |
|---|---|
| Q.8 | **केंद्रीय बजट 2025-26 के तहत सूक्ष्म उद्यमों को कुल कितने अनुकूलित क्रेडिट कार्ड (customised credit cards) जारी करने का प्रस्ताव किया गया है?** |
| Ans | ✗ 1. 5 लाख |
| | ✗ 2. 20 लाख |
| | ✗ 3. 15 लाख |
| | ✓ 4. 10 लाख |

| | |
|---|---|
| Q.9 | **फरवरी 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने माल एवं सेवा कर अधिनियम की किन धाराओं की संवैधानिक वैधता को अनुमोदित किया, जो गिरफ्तारी एवं समन की शक्ति प्रदान करती हैं?** |
| Ans | ✗ 1. धारा 23 और 24 |
| | ✗ 2. धारा 31 और 32 |
| | ✓ 3. धारा 69 और 70 |
| | ✗ 4. धारा 44 और 45 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | **दिसंबर 2024 में लखनऊ में आयोजित सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय 2024 टूर्नामेंट में महिला एकल का फाइनल जीतने वाली पी.वी. सिंधु किस खेल से संबंधित हैं?** |
| Ans | ✓ 1. बैडमिंटन (Badminton) |
| | ✗ 2. टेनिस (Tennis) |
| | ✗ 3. पिकलबॉल (Pickleball) |
| | ✗ 4. स्क्वैश (Squash) |

| | |
|---|---|
| Q.11 | **2025 में प्रकाशित 'दियासलाई (Diyaslai)' आत्मकथा के लेखक कौन हैं?** |
| Ans | ✗ 1. सुमेधा कैलाश |
| | ✗ 2. राम नाथ कोविंद |
| | ✓ 3. कैलाश सत्यार्थी |
| | ✗ 4. डॉ. सच्चिदानंद जोशी |

| | |
|---|---|
| Q.12 | **गरिमेला बालकृष्ण प्रसाद का मार्च 2025 में निधन हो गया; वह एक प्रसिद्ध __________ थे।** |
| Ans | ✗ 1. कवि |
| | ✗ 2. जन हितैषी |
| | ✗ 3. खिलाड़ी |
| | ✓ 4. शास्त्रीय गायक |

| | |
|---|---|
| Q.13 | जनवरी 2025 में, सुश्री ज्योति याराजी (Ms. Jyothi Yarraji) को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2024 के अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनका संबंध किस खेल से है? |
| Ans | ✔ 1. एथलेटिक्स |
| | ✘ 2. मुक्केबाजी |
| | ✘ 3. शतरंज |
| | ✘ 4. निशानेबाजी |

| | |
|---|---|
| Q.14 | भारत-मालदीव संयुक्त सैन्य अभ्यास "एकुवेरिन" (Ekuverin) का 13वां संस्करण कब आयोजित किया गया? |
| Ans | ✘ 1. अप्रैल 2025 |
| | ✘ 2. मई 2024 |
| | ✘ 3. नवंबर 2024 |
| | ✔ 4. फरवरी 2025 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा दिसंबर 2024 को ऑर्बिटल डॉकिंग (orbital docking) का परीक्षण करने के लिए लॉन्च किए गए मिशन का नाम क्या है? |
| Ans | ✔ 1. स्पैडेक्स (SpaDeX) |
| | ✘ 2. अंतरिक्षलिंक (AntarikshLink) |
| | ✘ 3. गगनयान (Gaganyaan) |
| | ✘ 4. चंद्रयान-4 (Chandrayaan-4) |

| | |
|---|---|
| Q.16 | मेक्सिको की फूहड़ और नारीवादी कृति (raw and feminist work), 'रिजर्वायर बिचेस (Reservoir Bitches)' किसके द्वारा लिखी गई थी? |
| Ans | ✘ 1. ऐनी सेरे (Anne Serre) |
| | ✘ 2. बानू मुश्ताक (Banu Mushtaq) |
| | ✘ 3. सॉल्वेज बैले (Solvej Balle) |
| | ✔ 4. डाहलिया डे ला सेर्दा (Dahlia de la Cerda) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | टार्काइन क्षेत्र, जो 2024 में संरक्षण प्रयासों के लिए चर्चा में था, किस ऑस्ट्रेलियाई राज्य में स्थित है? |
| Ans | ✔ 1. तस्मानिया |
| | ✘ 2. क्वींसलैंड |
| | ✘ 3. विक्टोरिया |
| | ✘ 4. न्यू साउथ वेल्स |

| | |
|---|---|
| Q.18 | **पद्म भूषण 2025 से सम्मानित बिबेक देबरॉय किस क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं?** |
| Ans | ✔ 1. अर्थशास्त्र |
| | ✘ 2. पर्यावरणीय विज्ञान |
| | ✘ 3. पत्रकारिता |
| | ✘ 4. दर्शनशास्त्र |

| | |
|---|---|
| Q.19 | **भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, सबसे बड़े वनावरण और वृक्षावरण वाले राज्यों की सूची में कौन-से तीन राज्य शीर्ष पर हैं?** |
| Ans | ✘ 1. छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र |
| | ✘ 2. ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र |
| | ✘ 3. मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम |
| | ✔ 4. मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र |

| | |
|---|---|
| Q.20 | **5 नवंबर 2024 को, सुप्रीम कोर्ट की 9-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि सरकार द्वारा सभी निजी स्वामित्व वाली संपत्तियों को संविधान के ___________ में उल्लिखित 'समुदाय के भौतिक संसाधन' मानकर उनका अधिग्रहण और पुनर्वितरण नहीं किया जा सकता है।** |
| Ans | ✘ 1. अनुच्छेद 81(1)(a) |
| | ✘ 2. अनुच्छेद 90(1) |
| | ✔ 3. अनुच्छेद 39(b) |
| | ✘ 4. अनुच्छेद 85(2) |

Section : **General Studies**

| | |
|---|---|
| Q.1 | **मानव विकास रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, 2022 में भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा कितनी थी?** |
| Ans | ✘ 1. 55.3 वर्ष |
| | ✘ 2. 60.5 वर्ष |
| | ✘ 3. 70.2 वर्ष |
| | ✔ 4. 67.7 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.2 | **किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भारतीय संविधान का चौथा संशोधन पारित हुआ था?** |
| Ans | ✘ 1. इंदिरा गांधी |
| | ✔ 2. जवाहरलाल नेहरू |
| | ✘ 3. मोरारजी देसाई |
| | ✘ 4. लाल बहादुर शास्त्री |

| | |
|---|---|
| Q.3 | **इल्तुतमिश के शासनकाल में कौन सूफी संत रहता था?** |
| Ans | ✗ 1. गेसू दराज़ (Gesu Daraj) |
| | ✗ 2. सलीम चिश्ती (Salim Chisti) |
| | ✓ 3. बहाउद्दीन ज़कारिया (Bahauddin Zaqaria) |
| | ✗ 4. निज़ामुद्दीन औलिया (Nizamuddin Aulia) |

| | |
|---|---|
| Q.4 | **भारत में कृषि उत्पादों के लिए कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं में सुधार हेतु वर्ष 2000 में, निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया था?** |
| Ans | ✗ 1. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना |
| | ✗ 2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना |
| | ✗ 3. राष्ट्रीय बागवानी मिशन |
| | ✓ 4. ग्रामीण भंडारण योजना |

| | |
|---|---|
| Q.5 | **उप-राष्ट्रपति किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति का पद ग्रहण करता है?** |
| Ans | ✗ 1. चुनावों के दौरान |
| | ✗ 2. केवल तभी जब संसद इसकी घोषणा करे |
| | ✓ 3. मृत्यु, त्यागपत्र, निष्कासन या अन्य किसी कारण से पद रिक्त होने के दौरान |
| | ✗ 4. केवल तभी जब राष्ट्रपति विदेश यात्रा पर हों |

| | |
|---|---|
| Q.6 | **मृदा संघटन में खनिजों का औसत प्रतिशत कितना होता है?** |
| Ans | ✗ 1. 5 |
| | ✗ 2. 35 |
| | ✗ 3. 25 |
| | ✓ 4. 45 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | **दिल्ली में सैय्यद वंश की स्थापना निम्नलिखित में से किस शासक ने की थी?** |
| Ans | ✗ 1. अलाउद्दीन आलम शाह |
| | ✗ 2. मुहम्मद शाह |
| | ✗ 3. मुबारक शाह |
| | ✓ 4. खिज्र खान |

| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन उदारवादी नेता (moderate leader) थे?<br><br>1. दादाभाई नौरोजी<br>2. गोपाल कृष्ण गोखले<br>3. फिरोजशाह मेहता<br>4. सुरेंद्रनाथ बनर्जी |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. केवल 2, 3 और 4 |
| | ✓ 2. सभी, 1, 2, 3, 4 |
| | ✗ 3. केवल 1 और 3 |
| | ✗ 4. केवल 1 और 2 |

| Q.9 | 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों (STs) के वितरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>लक्षद्वीप में भारत की ST आबादी का न्यूनतम भाग है, लेकिन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंतरिक ST अनुपात सबसे अधिक है।<br>भारत की आधी से अधिक ST आबादी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, गुजरात, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में केंद्रित है।<br>2001-2011 के दौरान ST आबादी ने कुल जनसंख्या की तुलना में कम वृद्धि दर दर्ज की।<br>अनुसूचित जनजातियों के बीच लिंग अनुपात राष्ट्रीय औसत से अधिक अनुकूल है।<br>उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. केवल 2 और 3 |
| | ✗ 2. केवल 1 और 4 |
| | ✓ 3. केवल 1, 2 और 4 |
| | ✗ 4. केवल 1 और 2 |

| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन-सा खजुराहो मंदिर समूह पूरी तरह से ग्रेनाइट से बना है, तथा उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम की ओर उन्मुख है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. लक्ष्मण मंदिर |
| | ✗ 2. कंदरिया महादेव मंदिर |
| | ✗ 3. देवी जगदंबा मंदिर |
| | ✓ 4. चौसठ योगिनी मंदिर |

| Q.11 | मूल अधिकारों का उल्लंघन करने वाले कानूनों पर उच्चतम न्यायालय को क्या अधिकार है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. यह इसके कार्यान्वयन में देरी कर सकता है। |
| | ✓ 2. यह कानून को अकृत और शून्य घोषित कर सकता है। |
| | ✗ 3. यह कानून का पुनर्लेखन कर सकता है। |
| | ✗ 4. यह संसद से इसमें संशोधन करने का अनुरोध कर सकता है। |

| Q.12 | हिमालयी अपवाह तंत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>झेलम नदी, राक्षसताल झील के पास से आरंभ होती है, कुछ दूरी तक पश्चिम की ओर प्रवाहित होती है, फिर दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रवाहित होकर पाकिस्तान में सिंधु नदी में मिल जाती है।<br>भागीरथी और अलकनंदा के संगम से निर्मित गंगा नदी, भारत और बांग्लादेश से प्रवाहित होकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।<br>ब्रह्मपुत्र नदी, तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो (Yarlung Tsangpo) से निकलती है, जो पूर्व की ओर बहते हुए, U-टर्न लेकर अरुणाचल प्रदेश, फिर असम और बांग्लादेश में प्रवेश करते हुए, गंगा से मिल जाती है।<br>ऊपरी हिमालयी नदियों के अपरदन से मुख्यतः बाढ़कृत मैदान और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विसर्प बनते हैं।<br>उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 1, 2 और 3 |
| | ✗ 2. केवल 1 और 2 |
| | ✗ 3. 2, 3 और 4 |
| | ✓ 4. केवल 2 और 3 |

| Q.13 | निम्नलिखित में से कौन-सा विद्रोह, मुख्य रूप से ब्रिटिश सेना द्वारा सड़क निर्माण परियोजना के विरोध से संबद्ध था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. भील विद्रोह (Bhil Rebellion) |
| | ✗ 2. मोपला विद्रोह (Mappila Uprising) |
| | ✗ 3. कोल विद्रोह (Kol Uprising) |
| | ✓ 4. जयंतिया और गारो विद्रोह (Jaintia and Garo Rebellion) |

| | |
|---|---|
| Q.14 | भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?<br><br>1. प्रथम पंचवर्षीय योजना में खाद्य सुरक्षा को संबोधित करने के लिए कृषि विकास को प्राथमिकता दी गई थी।<br>2. प्रथम पंचवर्षीय योजना हैरोड-डोमर मॉडल पर आधारित थी। |
| Ans | ✗ 1. केवल कथन 2 |
| | ✗ 2. कथन 1 और कथन 2 दोनों |
| | ✓ 3. न तो कथन 1 और न ही कथन 2 |
| | ✗ 4. केवल कथन 1 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2003 के अंतर्गत, 2006-07 के बाद निम्नलिखित में से किस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था? |
| Ans | ✓ 1. RBI द्वारा वित्तीय घाटे की पूर्ति |
| | ✗ 2. राज्यों को आधारिक संरचना अनुदान |
| | ✗ 3. खाद्य सब्सिडी जारी करना |
| | ✗ 4. बाहरी सॉवरेन बॉन्ड (sovereign bonds) |

| | |
|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सा, उत्तराखंड के एक समुदाय द्वारा किए जाने वाला लोक नृत्य है जिसकी उत्पत्ति कुमाऊं क्षेत्र में हुई थी? |
| Ans | ✗ 1. रास लीला (Ras Leela) |
| | ✗ 2. पांडव नृत्य (Pandav Nritya) |
| | ✗ 3. ख़याल (Khyal) |
| | ✓ 4. झोड़ा (Jhora) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटीय मैदानों के बीच सही तुलना है? |
| Ans | ✗ 1. पूर्वी तट में पश्चिमी तट की तुलना में अधिक बैकवाटर और लैगून हैं। |
| | ✗ 2. पश्चिमी तट चौड़ा है और बड़े डेल्टाओं से चिह्नित है। |
| | ✗ 3. पूर्वी तट, पश्चिमी तट की तुलना में बेहतर प्राकृतिक बंदरगाहों के साथ अधिक उभारदार है। |
| | ✓ 4. पश्चिमी तट संकरा है और इसमें प्रमुख प्राकृतिक बंदरगाह हैं। |

| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन, लोकसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. अध्यक्ष |
| | ✘ 2. उपराष्ट्रपति |
| | ✘ 3. भारत के राष्ट्रपति |
| | ✘ 4. प्रधानमंत्री |

| Q.19 | __________, राज्य द्वारा नागरिकों के लिए समानता के अधिकार को सीमित किया जा सकता है। |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. सभी नागरिकों के बीच एकरूपता बनाए रखने के लिए |
| | ✘ 2. आर्थिक असमानताओं को रोकने के लिए |
| | ✔ 3. उपेक्षित वर्गों हेतु कल्याणकारी नीतियों को लागू करने के लिए |
| | ✘ 4. कराधान पर सख्त कानून प्रवर्तित करने के लिए |

| Q.20 | लक्षद्वीप समूह का सुदूर पश्चिमी द्वीप निम्नलिखित में से कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. कदमत |
| | ✘ 2. कवरत्ती |
| | ✘ 3. मिनीकॉय |
| | ✔ 4. अगाती |

Section : **Numerical Aptitude**

| Q.1 | 5 पेन और 5 पेंसिल की कीमत ₹95 है तथा 2 पेन और 7 पेंसिल की कीमत ₹43 है। 9 पेन और 4 पेंसिल की कीमत कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. ₹166 |
| | ✘ 2. ₹169 |
| | ✘ 3. ₹163 |
| | ✘ 4. ₹168 |

| | |
|---|---|
| Q.2 | 12 पेपरों में गोपाल के औसत अंक 83 हैं। उच्चतम और निम्नतम अंकों को छोड़कर यदि उसे दो पेपरों में समान उच्चतम अंक और तीन पेपरों में समान निम्नतम अंक मिले, तो शेष पेपरों का औसत 89 है, और उच्चतम और निम्नतम अंकों के बीच का अंतर 39 है। यदि उच्चतम, 2 अंक कम है और निम्नतम 6 अंक अधिक है, तो 12 पेपरों का औसत ज्ञात करें। |
| Ans | ✔ 1. $84\frac{1}{6}$ |
| | ✘ 2. $84\frac{5}{6}$ |
| | ✘ 3. $84\frac{1}{3}$ |
| | ✘ 4. $84\frac{2}{3}$ |

| | |
|---|---|
| Q.3 | एक बल्लेबाज अपनी 10वीं पारी में 97 रन बनाता है जिससे उसके औसत में 2 रन की वृद्धि होती है। 10वीं पारी के बाद उसका औसत (रनों में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 82 |
| | ✘ 2. 97 |
| | ✔ 3. 79 |
| | ✘ 4. 77 |

| | |
|---|---|
| Q.4 | एक कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 3,70,000 है और जो प्रति वर्ष 25% की दर से बढ़ रही है। कस्बे की 3 वर्ष पहले और 2 वर्ष पहले की जनसंख्या में कितना अंतर होगा? |
| Ans | ✘ 1. 46,810 |
| | ✘ 2. 47,710 |
| | ✘ 3. 46,610 |
| | ✔ 4. 47,360 |

| | |
|---|---|
| Q.5 | एक पुरुष को प्रत्येक माह ₹2,750 वेतन प्राप्त होता है। वह प्रत्येक माह अपने वेतन के 68% की बचत करता है। उसका मासिक व्यय ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. ₹880 |
| | ✘ 2. ₹839 |
| | ✘ 3. ₹836 |
| | ✘ 4. ₹791 |

| | |
|---|---|
| Q.6 | एक पाइप एक टंकी को 22 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरी हुई टंकी को 33 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का $\frac{2}{3}$ भाग भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 44 |
| | ✘ 2. 132 |
| | ✘ 3. 176 |
| | ✘ 4. 88 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | एक स्कूल में 2000 से कम विद्यार्थी हैं। यदि विद्यार्थियों को 9 या 12 या 20 के समूहों में विभाजित किया जाता है, तो हमेशा केवल तीन विद्यार्थी ही बचते हैं, लेकिन जब उन्हें 21 के समूहों में विभाजित किया जाता है, तो एक भी विद्यार्थी नहीं बचता है। एक समूह में 10 विद्यार्थियों के साथ बनाए जा सकने वाले समूहों की अधिकतम संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 102 |
| | ✔ 2. 90 |
| | ✘ 3. 125 |
| | ✘ 4. 111 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | यदि ₹1,00,000 के अंकित मूल्य पर 10.5% और 20.25% की दो क्रमिक छूट दी जाती है, तो अंतिम विक्रय मूल्य कितना है? |
| Ans | ✘ 1. ₹74,376.25 |
| | ✘ 2. ₹72,376.25 |
| | ✔ 3. ₹71,376.25 |
| | ✘ 4. ₹73,376.25 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | किसी व्यापारी ने ₹46 में 46 प्लेटें खरीदीं। परिवहन के दौरान, 23 प्लेटें टूट गईं। उसने शेष प्लेटों को ₹3.20 प्रति प्लेट की दर पर बेच दिया। व्यापारी का लाभ ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. ₹35.30 |
| | ✘ 2. ₹28.40 |
| | ✔ 3. ₹27.60 |
| | ✘ 4. ₹20.90 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | स्थिर जल में एक नाव की चाल धारा की चाल की 5 गुना है। नाव को धारा की दिशा में 36 km और धारा की विपरीत दिशा में आधी दूरी तय करने में 5 घंटे लगते हैं। स्थिर जल में नाव की चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 3 |
| | ✓ 2. 10.5 |
| | ✗ 3. 15 |
| | ✗ 4. 2.1 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | एक खाली पानी की टंकी को भरने में पाइप A और B द्वारा लिए गए समय का अनुपात 9 : 4 है; पाइप C पूरी टंकी को खाली करने में एक घंटा लगाता है; जब तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, तो टंकी को भरने में 1.5 घंटे लगते हैं। पाइप A और B एक ही समय पर खोले जाते हैं। यदि 24 मिनट बाद, पाइप C को खोला जाता है, तो तीनों पाइपों द्वारा शेष टंकी को भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा? |
| Ans | ✗ 1. 35 |
| | ✗ 2. 27 |
| | ✓ 3. 30 |
| | ✗ 4. 42 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | कीर्ति ₹89,000 से व्यवसाय शुरू करती है और 3 महीने बाद वैष्णवी, कीर्ति के साथ साझेदार के रूप में जुड़ जाती है। एक वर्ष बाद, लाभ 4 : 3 के अनुपात में विभाजित होता है। पूंजी में वैष्णवी का योगदान कितना है? |
| Ans | ✗ 1. ₹90,655 |
| | ✗ 2. ₹88,205 |
| | ✓ 3. ₹89,000 |
| | ✗ 4. ₹88,265 |

| | |
|---|---|
| Q.13 | अब से दो वर्ष पहले, A, B और C की औसत आयु 23 वर्ष थी। अब से 2 वर्ष बाद, A और C की औसत आयु 14 वर्ष होगी। अब से 7 वर्ष बाद, B की आयु (वर्षों में) कितनी होगी? |
| Ans | ✓ 1. 58 |
| | ✗ 2. 53 |
| | ✗ 3. 55 |
| | ✗ 4. 63 |

| | |
|---|---|
| Q.14 | यदि 1.8 : 0.3 :: 0.3 : x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 1.182 |
| | ✗ 2. 0.86 |
| | ✗ 3. 0.002 |
| | ✓ 4. 0.05 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | किसी व्यक्ति ने ₹54,000 का 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 4 वर्ष के लिए निवेश किया। उसे 4 वर्ष बाद प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 22,600 |
| | ✓ 2. 75,600 |
| | ✗ 3. 21,600 |
| | ✗ 4. 76,600 |

| | |
|---|---|
| Q.16 | 65 km/hr की चाल से चलने वाली एक बस 10 घंटे एक यात्रा में पूरी करती है। 5 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसे किस चाल से चलना होगा? |
| Ans | ✗ 1. 131 km/hr |
| | ✗ 2. 124 km/hr |
| | ✗ 3. 121 km/hr |
| | ✓ 4. 130 km/hr |

| | |
|---|---|
| Q.17 | दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए। $\left(\frac{64}{8}\right)^{\frac{2}{3}} \times \left(\frac{343}{216}\right)^{-\left(\frac{2}{3}\right)} \div \left(\frac{5}{7}\right)^{-2}$ |
| Ans | ✗ 1. $\frac{3603}{2400}$ |
| | ✗ 2. $\frac{3599}{2404}$ |
| | ✓ 3. $\frac{3600}{2401}$ |
| | ✗ 4. $\frac{3601}{2402}$ |

| | |
|---|---|
| Q.18 | एक संगठन में, पुरुषों और महिलाओं का अनुपात 7 : 4 है। 5% महिलाएँ और 12% पुरुष, एग्जीक्यूटिव श्रेणी में हैं। एग्जीक्यूटिव में से, क्रमशः 40% और 25%, महिलाएँ और पुरुष पेशेवर रूप से योग्य हैं। संगठन में कुल कर्मचारियों में गैर-पेशेवर महिला एग्जीक्यूटिव का प्रतिशत (दशमलव के बाद एक स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 2.2% |
| | ✗ 2. 2.8% |
| | ✗ 3. 3.3% |
| | ✓ 4. 1.1% |

| | |
|---|---|
| Q.19 | 351 और 358 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या कितनी है? |
| Ans | ✓ 1. 1 |
| | ✗ 2. 2 |
| | ✗ 3. 3 |
| | ✗ 4. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | कोई व्यापारी एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 12% की छूट देता है और 18 वस्तुएँ खरीदने पर 3 वस्तुएँ मुफ्त देता है और पूरे लेन-देन पर 32% का लाभ अर्जित करता है। मान लीजिए कि एक ग्राहक 18 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, तो वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है? |
| Ans | ✗ 1. 67% |
| | ✗ 2. 70% |
| | ✓ 3. 75% |
| | ✗ 4. 81% |






Section : **Reasoning or Logical Aptitude**

| | |
|---|---|
| Q.1 | सौरव, बिंदु A से शुरू करते हुए दक्षिण की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर पहुँचकर रुक जाता है। वहाँ से बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।) |
| Ans | ✗ 1. 4 km, पश्चिम की ओर |
| | ✓ 2. 3 km, पूर्व की ओर |
| | ✗ 3. 3 km, पश्चिम की ओर |
| | ✗ 4. 4 km, पूर्व की ओर |

| | |
|---|---|
| Q.2 | एक प्रश्न के बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>A, C, E, H, K, और X एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। उनमें से कौन सबसे ऊपर वाले तल पर रहता है?<br>(I) H के तल के ऊपर वाले तल पर केवल X रहता है। C और H के तलों के बीच के तलों पर दो व्यक्ति रहते हैं।<br>(II) C के तल के नीचे वाले तल पर केवल E रहता है। A, K के तल के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। |
| Ans | ✔ 1. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 2. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✗ 3. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |
| | ✗ 4. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |

| | |
|---|---|
| Q.3 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br>कथन:<br>कुछ कप, मग हैं।<br>कुछ कप, जग हैं।<br>कुछ मग, बकेट हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ कप, बकेट हैं।<br>(II) कुछ मग, जग हैं। |

| | |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में अंतर्निहित है। (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है)<br><br>(X) | |
| Ans | 1. ✗ |  |
| | 2. ✗ |  |
| | 3. ✓ |  |
| | 4. ✗ |  |

| Q.5 | C, D, E, K, L और M एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। D, L के ठीक ऊपर रहता है। M और L के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। M एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। C, K के ठीक नीचे रहता है। E और K के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. चार |
| | ✓ 2. दो |
| | ✗ 3. एक |
| | ✗ 4. तीन |

| Q.6 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>403 374 357 328 311 282 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 242 |
| | ✗ 2. 251 |
| | ✓ 3. 265 |
| | ✗ 4. 245 |

| Q.7 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>192 A 6 C 31 D 9 B 6 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 19 |
| | ✓ 2. 9 |
| | ✗ 3. 12 |
| | ✗ 4. 24 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | किसी विशिष्ट कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'W + E % R @ H – U' है, तो W का U से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ 1. पत्नी का पिता |
| | ✗ 2. भाई की पत्नी का पिता |
| | ✗ 3. भाई का भाई |
| | ✓ 4. भाई की पत्नी का भाई |

| | |
|---|---|
| Q.9 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर दिशा के अभिमुख एक पंक्ति में बैठे हैं। C और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर केवल D बैठा है। A और G के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, B के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन F के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। F के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ 1. 5 |
| | ✗ 2. 3 |
| | ✗ 3. 2 |
| | ✓ 4. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, 3, 64 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 5, 196 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 1 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना अनुमत है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. 25 |
| | ✗ 2. 1 |
| | ✗ 3. 16 |
| | ✓ 4. 4 |

| Q.11 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>275 230 190 155 125 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 90 |
| | ✗ 2. 105 |
| | ✗ 3. 95 |
| | ✓ 4. 100 |

| Q.12 | एक प्रश्न के बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>पांच डिब्बों C, E, M, S, और V का वजन अलग-अलग है। इनमें से किस डिब्बे का वजन सबसे अधिक है?<br>(I) ठीक दो डिब्बों का वजन, M के वजन से अधिक है। E का वजन, V के वजन से अधिक है।<br>(II) ठीक तीन डिब्बों का वजन, S के वजन से कम है। E का वजन, S के वजन से अधिक है। |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |
| | ✗ 2. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। |
| | ✗ 3. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। |
| | ✗ 4. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। |

| Q.13 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. XC-GQ |
| | ✗ 2. GL-PZ |
| | ✗ 3. BG-KU |
| | ✓ 4. DI-MV |


Q.14 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TEAR' को '1364' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'AIDS' को '5239' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए क्या कूट है?




Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 6
✘ 3. 9
✘ 4. 5

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. JN-EH
✔ 2. LP-GI
✘ 3. PT-KN
✘ 4. NR-IL

Q.16 दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जब दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है।




Ans
✘ 1. 
✔ 2. 
✘ 3. 
✘ 4. 

| Q.17 | सात बक्से, I, J, K, L, B, C और D, एक दूसरे के ऊपर रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>L के ऊपर कोई बक्सा नहीं रखा गया है। L और J के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। K और D के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। D को J के ठीक ऊपर रखा गया है। K और B के बीच केवल चार बक्से रखे गए हैं। C को I के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। C और I के बीच कितने बक्से रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. चार |
| | ✗ 2. तीन |
| | ✗ 3. एक |
| | ✓ 4. दो |

| Q.18 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M + A # N ÷ D @ E' है, तो M का E से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. पुत्र |
| | ✗ 2. पति |
| | ✓ 3. भाई |
| | ✗ 4. पिता |

| Q.19 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ALPS' को '6754' के रूप में, और 'SAPE' को '5649' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'E' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 6 |
| | ✗ 2. 5 |
| | ✓ 3. 9 |
| | ✗ 4. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | इस प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों के प्रभाव या एक उभयनिष्ठ कारण हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।<br><br>कथन:<br>I. पिछले कुछ वर्षों में, सौर पैनल लगाने की लागत अपेक्षाकृत अधिक रही है, जिससे कई घरों के लिए यह कम सुलभ रहा है।<br>II. सौर पैनलों की बढ़ती उपलब्धता के बावजूद, कई घर पारंपरिक बैटरी चालित बिजली स्रोतों पर निर्भर हैं। |
| Ans | ✗ 1. कथन II कारण है और कथन I इसका संभावित प्रभाव है। |
| | ✗ 2. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं। |
| | ✓ 3. कथन I कारण है और कथन II इसका संभावित प्रभाव है। |
| | ✗ 4. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं। |

Section : **English**

| | |
|---|---|
| Q.1 | Select the most appropriate synonym of the highlighted word in the given sentence.<br><br>The book gains not only <u>perspicuity</u> but also gripping momentum as the story moves chronologically. |
| Ans | ✗ 1. opacity |
| | ✗ 2. impenetrability |
| | ✗ 3. ambiguity |
| | ✓ 4. clarity |

| Q.2 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the highlighted phrase in the following sentence.<br><br>The President's rule was marked bycorrupt behaviour in a position of trust, especially in public office. Public institutions, once designed to serve the people, became tools of exploitation. Transparency and accountability were virtually nonexistent, and those who dared to speak out faced severe consequences. |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. malfeasance |
| | ✘ 2. defalcation |
| | ✘ 3. malversation |
| | ✘ 4. subversion |

| Q.3 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>The manager was frustrated ____ the team for missing the deadline despite repeated warnings. |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. of |
| | ✘ 2. in |
| | ✘ 3. for |
| | ✔ 4. with |

| Q.4 | Select the most appropriate meaning of the given idiom.<br><br>Throw in the towel |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. To waste time on something |
| | ✘ 2. To explain something directly |
| | ✘ 3. To break something |
| | ✔ 4. To quit in defeat |

| Q.5 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.<br><br>A zoological discipline that analyses morphological traits and life cycles of insects for agricultural, forensic and ecological purposes |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Microbiology |
| | ✓ 2. Entomology |
| | ✗ 3. Taxonomy |
| | ✗ 4. Mycology |

| Q.6 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br><br>A. Every member of every class must get up once, and in the majority of cases, twice, and give a talk before his fellow members.<br>B. The course I gave in the 125$^{th}$ Street YMCA before World War I has been changed almost beyond recognition.<br>C. But one feature of the course remains unchanged.<br>D. Every year, new ideas are woven into the sessions and old ones cast away. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ADBC |
| | ✓ 2. BDCA |
| | ✗ 3. DCBA |
| | ✗ 4. CBAD |

| Q.7 | Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.<br><br>A. He will remove the darkness of the era and begin a new one.<br>B. Kalki is supposed to be the last avatar of Lord Vishnu.<br>C. This avatar is yet to come.<br>D. When the evil in the world outweighs the good, Vishnu will come charging on a white horse with a blazing sword. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ADCB |
| | ✓ 2. BDAC |
| | ✗ 3. ACDB |
| | ✗ 4. CABD |

| Q.8 | Select the option that rectifies the INCORRECTLY spelt word in the given paragraph.<br><br>How do we get from point A to point B? The problem has spured inventions from the wheel to the donkey cart to the Apollo II spaceship. But on a larger scale the solution has revolved around two fundamental elements: combustion of fossil fuels, whether in a car, plane or train, and a human operator to start, stop and steer the vehicle. Both may be about to change as technology companies work to remake the way we travel. For some vehicles, human drivers are already becoming obsolete. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Stere |
| | ✗ 2. Obsolet |
| | ✗ 3. Combustien |
| | ✓ 4. Spurred |

| Q.9 | Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is required, select 'No article required'.<br><br>The professor explained that there are many factors influencing the economy, but ___ change in government policy could make a significant difference. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. an |
| | ✗ 2. the |
| | ✓ 3. a |
| | ✗ 4. No article required |

| Q.10 | Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence. If you don’t find any error, mark ‘No error’ as your answer.<br><br>When I learned recently that France will soon ban smoking outside—even beneath solitary streetlamps and on park benches where ephemeral cigarettes once punctuated clandestine intimacies—it appeared that an elemental fecet of the French ethos was vanishing, for if one is interdicted from indulging in nearly every social context, then smoking, *mon ami*, is effectively illegal. |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. fecet |
| | ✗ 2. No error |
| | ✗ 3. interdicted |
| | ✗ 4. clandestine |

| Q.11 | Select the synonym of the highlighted word in the given sentence.<br><br>His penitence was sincere, not crafted to avoid punishment but to reconcile with his conscience. |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. contrition |
| | ✗ 2. anguish |
| | ✗ 3. reparation |
| | ✗ 4. exasperation |

| Q.12 | Select the most appropriate meaning of the given proverb.<br><br>An idle brain is the devil's workshop. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. One good event does not mean that everything is alright. |
| | ✗ 2. Something bad or unpleasant today may bring good things in the future. |
| | ✓ 3. When you are lazy and without work, wicked thoughts enter your mind. |
| | ✗ 4. When you are angry, it is best not to speak or act immediately. |

| Q.13 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>He studied all night, ______ he still felt unprepared for the exam. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. therefore |
| | ✗ 2. so |
| | ✗ 3. since |
| | ✓ 4. yet |

| Q.14 | Select the most appropriate article to fill in the blank.<br><br>Everyone was shocked to know that the girl was the daughter of ____ influential millionaire. |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. a |
| | ✗ 2. the |
| | ✓ 3. an |
| | ✗ 4. No article required |

| Q.15 | Select the most appropriate adjective to fill in the blank.<br><br>The ___________ clouds drifted lazily across the sky. |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. fluffy |
| | ✗ 2. athletic |
| | ✗ 3. jumpy |
| | ✗ 4. fit |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Are the 1980s and 1990s the era of colour? According to some people, they are. Now you can buy radios and electric fans in lavender and pink. Restaurants have an emphasis on flowers and colourful plates. Cars are coming out in pink and aqua. Even bathroom fixtures are being made in 'honeydew' and 'blond'. Part of the importance of the colour of an object is that the colour affects the way one feels about it. You want a vacuum cleaner to look light and easy, which is why it may be coloured in pastels and light colours. But gardening equipment and athletic equipment you want to look powerful. You would never find a lawn mower in pink, but red would be fine. Not very long ago, sheets were always white and refrigerators commonly came in colours like 'old gold', 'avocado green' and 'coppertone'. Now those are thought of as old-fashioned; popular colours change because fashion influences everything. In fact, new colours often spring from the fashion industry. It's a lot cheaper to make a blouse or skirt than a sofa. After people get used to seeing new colours on clothing or towels, they are ready to accept those colours in carpeting, refrigerators, or cars. Colour- analysis consultants have been very successful in recent years. People want to choose the most flattering colours for make up and clothing. Some car designers are even saying that people may begin buying cars of the colour that goes with their skin colouring. This sounds too extreme. It's hard to believe that people are that impressionable. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 16** |
| **Q.16** | **What is the central theme of the passage?** |
| **Ans** | ✔ 1. The evolution of colour in industrial design and consumer preferences |
| | ✘ 2. The impact of fashion on social behaviour |
| | ✘ 3. How colour affects emotional well-being |
| | ✘ 4. The conflict between tradition and modernity |

| | Comprehension: |
|---|---|
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Are the 1980s and 1990s the era of colour? According to some people, they are. Now you can buy radios and electric fans in lavender and pink. Restaurants have an emphasis on flowers and colourful plates. Cars are coming out in pink and aqua. Even bathroom fixtures are being made in 'honeydew' and 'blond'. Part of the importance of the colour of an object is that the colour affects the way one feels about it. You want a vacuum cleaner to look light and easy, which is why it may be coloured in pastels and light colours. But gardening equipment and athletic equipment you want to look powerful. You would never find a lawn mower in pink, but red would be fine. Not very long ago, sheets were always white and refrigerators commonly came in colours like 'old gold', 'avocado green' and 'coppertone'. Now those are thought of as old-fashioned; popular colours change because fashion influences everything. In fact, new colours often spring from the fashion industry. It's a lot cheaper to make a blouse or skirt than a sofa. After people get used to seeing new colours on clothing or towels, they are ready to accept those colours in carpeting, refrigerators, or cars. Colour- analysis consultants have been very successful in recent years. People want to choose the most flattering colours for make up and clothing. Some car designers are even saying that people may begin buying cars of the colour that goes with their skin colouring. This sounds too extreme. It's hard to believe that people are that impressionable. |

| | SubQuestion No : 17 |
|---|---|
| Q.17 | Which of the following best summarises the passage? |
| Ans | ✗ 1. Colour preferences are driven solely by industrial trends. |
| | ✓ 2. The increasing use of colour in various products reflects changing consumer psychology and fashion influences. |
| | ✗ 3. People now buy products only based on their functionality. |
| | ✗ 4. Colour choices in appliances have remained constant over the years. |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Are the 1980s and 1990s the era of colour? According to some people, they are. Now you can buy radios and electric fans in lavender and pink. Restaurants have an emphasis on flowers and colourful plates. Cars are coming out in pink and aqua. Even bathroom fixtures are being made in 'honeydew' and 'blond'. Part of the importance of the colour of an object is that the colour affects the way one feels about it. You want a vacuum cleaner to look light and easy, which is why it may be coloured in pastels and light colours. But gardening equipment and athletic equipment you want to look powerful. You would never find a lawn mower in pink, but red would be fine. Not very long ago, sheets were always white and refrigerators commonly came in colours like 'old gold', 'avocado green' and 'coppertone'. Now those are thought of as old-fashioned; popular colours change because fashion influences everything. In fact, new colours often spring from the fashion industry. It's a lot cheaper to make a blouse or skirt than a sofa. After people get used to seeing new colours on clothing or towels, they are ready to accept those colours in carpeting, refrigerators, or cars. Colour- analysis consultants have been very successful in recent years. People want to choose the most flattering colours for make up and clothing. Some car designers are even saying that people may begin buying cars of the colour that goes with their skin colouring. This sounds too extreme. It's hard to believe that people are that impressionable. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 18** |
| **Q.18** | **What underlying assumption does the passage make about consumer behaviour?** |
| **Ans** | ✗ 1. Consumers seek out new technology |
| | ✗ 2. Consumers value function over form |
| | ✗ 3. Consumers are only driven by cost |
| | ✓ 4. Consumers are highly influenced by aesthetics and trends |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Are the 1980s and 1990s the era of colour? According to some people, they are. Now you can buy radios and electric fans in lavender and pink. Restaurants have an emphasis on flowers and colourful plates. Cars are coming out in pink and aqua. Even bathroom fixtures are being made in 'honeydew' and 'blond'. Part of the importance of the colour of an object is that the colour affects the way one feels about it. You want a vacuum cleaner to look light and easy, which is why it may be coloured in pastels and light colours. But gardening equipment and athletic equipment you want to look powerful. You would never find a lawn mower in pink, but red would be fine. Not very long ago, sheets were always white and refrigerators commonly came in colours like 'old gold', 'avocado green' and 'coppertone'. Now those are thought of as old-fashioned; popular colours change because fashion influences everything. In fact, new colours often spring from the fashion industry. It's a lot cheaper to make a blouse or skirt than a sofa. After people get used to seeing new colours on clothing or towels, they are ready to accept those colours in carpeting, refrigerators, or cars. Colour- analysis consultants have been very successful in recent years. People want to choose the most flattering colours for make up and clothing. Some car designers are even saying that people may begin buying cars of the colour that goes with their skin colouring. This sounds too extreme. It's hard to believe that people are that impressionable. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 19** |
| **Q.19** | **Select the most appropriate ANTONYM of the word given in the passage.**<br><br>**Popular** |
| **Ans** | ✔ 1. Obsolete |
| | ✗ 2. Rejected |
| | ✗ 3. Unique |
| | ✗ 4. Unfavourable |

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the following passage carefully and answer the questions that follow.<br><br>Are the 1980s and 1990s the era of colour? According to some people, they are. Now you can buy radios and electric fans in lavender and pink. Restaurants have an emphasis on flowers and colourful plates. Cars are coming out in pink and aqua. Even bathroom fixtures are being made in 'honeydew' and 'blond'. Part of the importance of the colour of an object is that the colour affects the way one feels about it. You want a vacuum cleaner to look light and easy, which is why it may be coloured in pastels and light colours. But gardening equipment and athletic equipment you want to look powerful. You would never find a lawn mower in pink, but red would be fine. Not very long ago, sheets were always white and refrigerators commonly came in colours like 'old gold', 'avocado green' and 'coppertone'. Now those are thought of as old-fashioned; popular colours change because fashion influences everything. In fact, new colours often spring from the fashion industry. It's a lot cheaper to make a blouse or skirt than a sofa. After people get used to seeing new colours on clothing or towels, they are ready to accept those colours in carpeting, refrigerators, or cars. Colour- analysis consultants have been very successful in recent years. People want to choose the most flattering colours for make up and clothing. Some car designers are even saying that people may begin buying cars of the colour that goes with their skin colouring. This sounds too extreme. It's hard to believe that people are that impressionable. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 20** |
| **Q.20** | **What can be inferred about the relationship between fashion and home appliances from the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. Appliance manufacturers reject fashion trends. |
| | ✗ 2. Fashion and home appliances are unrelated domains. |
| | ✓ 3. Fashion trends often trickle into home appliance colour trends. |
| | ✗ 4. Appliances are now rarely bought for their appearance. |